एशले और श्रुति ने बढ़ाया एसआर डीएवी का मान

रांची : आइआइएम रांची के राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित हिंदी एकाल्प प्रतियोगिता में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग की नौवीं कक्षा की छात्रा एशले गुप्ता ने द्वितीय स्थान तथा कविता पाठ प्रतियोगिता में सप्तम कक्षा की श्रुति मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। हिंदी पखवाड़ा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि आयकर विभाग रांची के राजभाषा पदाधिकारी कुमार संजय तथा आइआइएम रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। (जासं)

Dainik Jagran_05.10.2023_Pg. 4